खबर संक्षेप



## शासकीय बोरवेल से हटाया अवैध कब्जा

**कटनी।** विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत कूड़ा के ग्राम निगझर के पेयजल व्यवस्था हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उत्खनित बोर पर किये गये अवैध कब्जे को कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड बहोरीबंद में मंगलवार 20 जनवरी को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी को आवेदन देकर ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम कूड़ा के खसरा अंतर्गत 96 के रकबा 0.45 हेक्टेयर के भाग में पेयजल हेतु पानी सप्लाई हेतु पीएचई द्वारा खनित बोर पर श्री प्रीतम लाल नामदेव और रामनाथ विश्वकर्मा निवासी ग्राम कूड़ा द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। जिससे दो गांवों की जल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। इस प्रकार कलेक्टर के निर्देश पर जनसुनवाई में प्राप्त पेयजल स्त्रोत पर किये गये अवैध कब्जे को मुक्त करा कर आमजन के सुगम पेयजल आपूर्ति हेतु खोल दिया गया है।

## वित्तीय अनियमितता पर लेखापाल निलंबित

**कटनी।** वित्तीय अनियमितता और पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने बहोरीबंद अस्पताल में पदस्थ तत्कालीन प्रभारी लेखापाल (वर्तमान में जिला अस्पताल में पदस्थ) राहुल मिश्रा, सहायक ग्रेड-3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर को बीते मंगलवार को बहोरीबंद में आयोजित जनसुनवाई में मिली शिकायत पर, कलेक्टर ने तत्काल जांच कराने के बाद यह कार्रवाई की है। बहोरीबंद में आयोजित जनसुनवाई में यह तथ्य सामने आया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाकल, बहोरीबंद से सेवानिवृत्त एएनएम श्रीमती सावित्री देवी वर्मा के पेंशन व जीपीएफ की राशि एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान उनके खातों में नहीं मिल पाया था। कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच में पाया गया कि बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के तत्कालीन प्रभारी लेखापाल राहुल मिश्रा द्वारा पदीय कर्तव्यों के अनुरूप कार्य न किया जाकर वित्तीय अनियमितता तथा पदीय दायित्वो के प्रति लापरवाही की गयी है। कलेक्टर ने बहोरीबंद अस्पताल के तत्कालीन प्रभारी लेखापाल मिश्रा ( वर्तमान में जिला अस्पताल में पदस्थापना)का यह कृत्य पदीय दायित्वो के प्रति घोर लापरवाही मानते हुये तत्कालीन प्रभारी लेखापाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि के दौरान श्री मिश्रा मुख्यालय कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी होगा।

### ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम बरेली रामपुर की राशन दुकान के विक्रेता की करतूत

# गरीबों के निवाले पर डाका : 14.83 लाख का खाद्यान्न किया खुर्द बुर्द, एफआइआर हुई दर्ज

आर्थिक रूप से कमजोर गरीब परिवारों को मिलने वाले सरकारी खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता एवं गड़बड़ियों को रोकने के लिए तमाम प्रयास किये जा रहे है बावजूद इसके राशन दुकानों के विक्रेता गरीबों के निवाले को हजम कर अपनी जेबे भरने के लिए कोई न कोई पैतरा निकाल ही लेते हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के शासकीय उचित मूल्य दुकान बरेली (रामपुर) दुकान कोड-4206006 के विक्रेता उमेश उर्फ मंदा शर्मा द्वारा 14 लाख 83 हजार रुपये से अधिक के सरकारी राशन के गबन के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ढीमरखेड़ा द्वारा विक्रेता के विरूद्ध ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता और आवश्यक वस्तु अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान बरेली रामपुर के विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता के संबंध में कलेक्ट्रेट में शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने त्वरित रूप से सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ढीमरखेड़ा ने सहकारिता निरीक्षक नैना मेहरा, तहसीलदार एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की टीम गठित कर दुकान के जांच के आदेश दिये। जांच दल ने जब मौके पर जाकर दुकान की जांच की तब विक्रेता उमेश उर्फ मंदा शर्मा मौके उपस्थित नहीं मिले। मौके पर उपस्थित दुकान से संलग्न हितग्राही सरोज दुबे, अहिल्या बादी, रामचंद्र आदिवासी, सरिता बाई, उपेन्द्र सिंह, मुन्नालाल बादी, नारायण तिवारी और मंजूलाल से पूछताछ की गई, तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। आरोपी विक्रेता उमेश उर्फ मंदा शर्मा घर-घर जाकर पीओएस मशीन पर ग्रामीणों के अंगूठे तो लगवा लेता था, लेकिन उन्हें राशन नहीं देता था। दुकान भी नियमित रूप से नहीं खोली जाती थी और खाद्यान्न वितरण भी समय पर नहीं किया जाता था।

संयुक्त जांच दल द्वारा जब दुकान के स्टॉक का मिलान एईपीडीएस पोर्टल एवं पीओएस मशीन के अनुसार की गई, तो भारी अंतर पाया गया। मौके पर गेहूं, चावल और शक्कर पूरी तरह नदारद मिले। वहीं नमक केवल 3 क्विंटल पाया गया। जबकि गेहूं 93.36 क्विंटल, चावल 179.76 क्विंटल, नमक 13.13 क्विंटल तथा शक्कर 0.60 क्विंटल होना था, लेकिन नहीं पाया गया।

विक्रेता द्वारा 7 लाख 18 हजार 700 रूपये के गेहूँ, 7 लाख 52 हजार 466 रूपये के चावल, 10 हजार 130 रूपये के नमक और 1800 रूपये के शक्कर को मिलाकर कुल 14 लाख 83 हजार 96 रूपये मूल्य के खाद्यान्न की हेराफेरी पाये जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वंदना जैन द्वारा ढीमरखेड़ा थाना में आरोपी उमेश शर्मा के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4), 316(5) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 व 7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई।



## बसंत पंचमी पर मंदिरों सहित स्कूल, कॉलेजो में हुये कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ज्ञान व विद्या की देवी मां सरस्वती का प्रकट उत्सव शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मैं धूमधाम से मनाया गया।सर्वार्थ सिद्दि व रवि योग के शुभ मुहूर्त मां सरस्वती का प्राकट्य उत्सव मनाया गया।विशेष आयोजन हरिदास ब्रजधाम कोहका में हुआ।जहां दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला। शुभ अवसर पर मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान फूल,सफेद चंदन,अक्षत,पीले रंग की रोली, पीला गुलाब,धूप,दीप ,गंध आदि अर्पित किया गया।साथ ही सरस्वती वंदना के साथ ही सरस्वती कवच का पाठ किया गया।आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

स्लीमानाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर, कोडिया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर ,खिरहनी स्थित जगदीश धाम मंदिर सहित अन्य मंदिरों मैं भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। मां सरस्वती का प्राकट्य उत्सव मंदिरों के साथ स्कूल _कालेजों मैं मनाया गया। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद मैं मां सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा_अर्चना कर आरती करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान प्राचार्य डी के ठाकुर, जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय, कृष्णा दुबे, उइके मैडम, सविनय तिवारी सहित स्कूल स्टॉफ की उपस्थिति रही। पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती का जन्म बसंत पंचमी के दिन हुआ था।इसलिए यह शुभ दिन उन्हें समर्पित हैं।

**केन्द्रीय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर**

## आईएएस बनने के लिए बच्चो ने पूछे सवाल, कलेक्टर ने जिज्ञासाओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




पराक्रम दिवस के अवसर पर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय एनकेजे में शुक्रवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जिले के कुल 10 विद्यालय शामिल हुए। जिनमें केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा विभिन्न पीएमश्री स्कूल, सीबीएसई स्कूल तथा स्टेट बोर्ड के स्कूल शामिल हुए।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री तिवारी ने बच्चों को संबोधित किया तथा बच्चों द्वारा पूछी गई विभिन्न जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस दौरान एक बच्ची ने पूछा कि उसे आईएएस बनना है तो उसे कौन से सब्जेक्ट लेने चाहिए? इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जवाब दिया कि आट्र्स लेकर उसने सही विषय का चयन किया है। दूसरी बच्ची ने पूछा की क्या आप इंटरव्यू के समय नर्वस हुए थे? इस पर उन्होंने कहा कि थोड़ा नर्वस तो सब होते हैं, पर वहां झूठ बोलना संभव नहीं होता है, हमारी जो सही जानकारी होती है, वही काम आता है। इसी प्रकार एक बच्चे ने पूछा कि आप कितने अटेम्प्ट में पास हुए थे? इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि मैं पहले अटेम्प्ट में ही सफल हो गया था। एक बच्ची ने पूछा कि क्या आप पर किसी का दबाव था? जिसका जवाब उन्होंने दिया कि नहीं मुझ पर किसी का दवाब नहीं था। मैं खुद इस फील्ड में आना चाहता था।

कार्यक्रम में बच्चों को ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित वीडियो दिखाए गए। इसके बाद दोनों ग्रुप के 50-50 छात्रों की लिखित परीक्षा ली गई जिसका प्रश्न पत्र मंत्रालय से भेजा गया था। परीक्षा उपरांत बच्चों को जलपान कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार जैन के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी रेखा मिश्रा तथा कम्प्यूटर निदेशक अमर गौतम और महमूद अंसारी द्वारा किया गया। जय नारायण तिवारी, सोमवीर, जितिन मिश्रा तथा अन्य शिक्षक साथियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## धूमधाम से मनाई गई सुहेलदेव जयंती, मेधावी बच्चे पुरस्कृत



महाराजा सुहेलदेव की जयंती पर हर वर्ष ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम दशरमन में सुहेलदेव जयंती का राजभर समाज द्वारा महादेवी प्रांगण राजभर धर्मशाला के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम महाराजा सुहेलदेव की छायाचित्र का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि शिवप्रसाद सिंह राजभर एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया और अतिथियों द्वारा महाराजा सुहेलदेव के जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में ही कक्षा दसवीं और बारहवीं के मेधावी अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में शिवप्रसाद सिंह राजभर रामचरण राजभर पंडित रमेश प्रसाद गर्ग अच्छे लाल राजभर गणेश दत्त गौतम भरत शुक्ला नरेंद्र उपाध्याय शिवराम राजभर अखिलेश राजभर छ्कोड़ी राजभर विजय राजभर नोने राजभर सुखलाल राजभर विनोद राजभर अनोज राजभर एवं क्षेत्र और आसपास की जिले के लोग उपस्थित रहे।

## अभाविप ने निकाली विशाल तिरंगा पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहोरीबंद द्वारा बहोरीबंद नगर में भव्य तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यह विशाल तिरंगा यात्रा उत्कृष्ट विद्यालय पर संपन्न हुई। मां भारती के जयघोष के साथ पूरे नगर में 251 मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकली इस यात्रा का नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर जगह- जगह पर स्वागत किया। विशाल तिरंगा पदयात्रा एवं आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री सुव्रत जैन की उपस्थिति रही। विशेष उपस्थित के रूप में जिला प्रमुख अनिल गर्ग, जिला संयोजक कटनी ऋषभ त्रिपाठी,प्रांत कार्यकारणी सदस्य एवं कटनी नगर मंत्री संजय कुशवाहा, नगर अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा,नगर उपाध्यक्ष महेंद्र राय , रानी दुर्गावती महाविद्यालय के प्राध्यापक विनय जैन, महिमा तिवारी, राकेश गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार , रोहित गुप्ता सहित युवा शक्ति की सहयोगिता रही।

बहोरीबंद नगर मंत्री एवं महाकौशल प्रांत कार्यकारणी सदस्य संस्कार बाजपेई द्वारा बताया गया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्रहित एवं छात्रहित में कार्य कर रही है , राष्ट्र के सेवक होने के नाते राष्ट्र के पुनर्निर्माण में एवं छात्र छात्राओं के अंदर राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति की भावना के रोपण में विद्यार्थी परिषद सदैव ही कार्य करती रहेगी , यह तिरंगा यात्रा देश के लिए राष्ट्र की सेवा में आहुत हुए उन सभी वीर एवं मां भारती के चरणों में समर्पित है।

आयोजन में अभा विद्यार्थी परिषद बहोरीबंद से लक्ष्य सोनी , अनुराग लोधी , विवेक तिवारी , यश नामदेव , आदित्य तिवारी , राम यादव , लखन यादव , सौरभ बंसल , अभिनय मेहरा , भूपेंद्र ठाकुर , विमल दिवान मौजूद रहे।



## हितग्राहियों को योजनाओं का दिलाये लाभ

**कटनी।** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का और सेवाओं का लाभ डोर टू डोर सर्वेक्षण करते हुए पात्र हितग्राहियों को दिलाए जाने हेतु तत्परता पूरक आवश्यक कार्रवाई करें। कुछ इस प्रकार के निर्देश मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड (नॉन) की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती साधना परस्ते ने जनपद पंचायत कटनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लखापतेरी एवं जरवाही ग्रामों का औचक निरीक्षण करते हुए नियक्त दल के अधिकारियों कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा को ध्यान में रखते हुए एक-एक लाभ से वंचित हितग्राही का सर्वे कर उसे उसकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि आयुक्त जबलपुर संभाग द्वारा अभियान की निगरानी हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## जिले में पूर्ण शासकीय मेडिकल कॉलेज की हो स्थापना, केन्द्रीय मंत्री एवं सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले की बहुप्रतीक्षित माँग शासकीय मेडिकल कॉलेज को लेकर एनएसयूआई एवं युवक कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने केंद्रीय स्वास्थ मंत्री जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव को शिकायत पत्र कलेक्टर कटनी के माध्यम से सौंप कर अवगत कराया कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद वीडी शर्मा एवं वर्तमान विधायक मुड़वारा संदीप जयसवाल द्वारा जनता को झूंठा मेडिकल कॉलेज का सपना दिखा कर पीपीपी मोड का लूट केंद्र कटनी में खुलवाने की व्यवस्था कर दी गई है।

ज्ञात हो कि स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन जिसके साथ शासन का पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेज बनाने को लेकर अनुबंध हुआ है उसकी पारिवारिक संस्था आरकेडीएफ को एसटीएफ भोपाल ने फर्जी मार्कशीट प्रकरण में हिरासत में लेकर कार्यवाही की है,ऐसी स्थिति में यह संस्था किस तरह कटनी में मेडिकल कॉलेज बनाकर मरीजों का इलाज संजीदगी से कर पाएगी,इस संस्था द्वारा केवल शिक्षा का व्यापारीकरण किया जाएगा और जनता छल ली जाएगी।हमारे द्वारा सरकार को विवेकानंद फाउंडेशन से हुए अनुबंध को निरस्त कर पूर्ण शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग की है।यदि संदेहास्पद संस्था का अनुबंध निरस्त नहीं होता है तो समस्त सत्ता धारी जनप्रतिनिधि इस लूट के खुले खेल में सहयोगी माने जाएंगे। कांग्रेस जनहित में लगातार सड़क पर उतरके पूर्ण शासकीय मेडिकल कॉलेज की माँग सरकार से उठाती रहेगी।

In The Court Of Sushri Palak Singhai,
II Civil Judge Class-II, District Court,Damoh
Presiding Officer: सूश्री पलक सिंघई
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000130/2023)

लखन सिंह.........................वादी Vs
हर प्रसाद अहिरवार..................प्रतिवादी

*TID 198/2026*
*Process Id-19 / 2026*
पेशी दिनांक :- 18/02/2026

प्रेषिती-
(1) गौराबाई पति आमसींग सींग पुत्री कल्याण सींग पता मछंदरा तहसील बहोरीबन्द जिला कटनी म.प्र. (2) पार्वती बाई पति भैयाराम सिंह लोधी पता- ग्राम मगरोन शाहपुर उप उपतहसील शाहपुर जिला सागर म.प्र. (3) इमरती बाई पति आमसींग लोधी पता- ग्राम पडवार तहसील शाहनगर जिला पन्ना म.प्र.

यह कि प्रार्थी लखन सिंह ने आपके विरुद्ध पाने स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें ।

यह आज तारीख 21 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

शील

पलक सिंघई दिवाकर
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड दमोह (म.प्र.)

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाई गई बसंत पंचमी और पराक्रम दिवस

# छात्राओं के समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजन के साथ-साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात एवं संयोजक डॉ. रोशनी पाण्डेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। माँ सरस्वती की पूजा एवं आराधना प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, सभी प्राध्यापकों, सहप्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों, स्ववित्तीय अतिथि विद्वानों, कार्यालय स्टॉफ एवं छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से संपन्न हुई।

प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में माँ सरस्वती के चरणों में नमन करते हुए कहा कि बसंत पंचमी का हर्षोल्लास ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की कृपा से अज्ञान के अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर ले जाता है। बसंत ऋतु की तरह हमारा जीवन नई ऊर्जा, रंगों एवं ज्ञान से परिपूर्ण हो। वरिष्ठ प्राध्यापक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. विमला मिंज ने उद्बोधन में कहा कि विद्या ही शक्ति है, विद्या ही मुक्ति है। पढ़ाई, कला, संगीत एवं सृजनशीलता में माँ सरस्वती की कृपा सदैव बनी रहे। छात्राओं को नई प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने, अच्छे संस्कार अपनाने एवं समाज के लिए उपयोगी बनने का आह्वान किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। सभी प्रतिभागियों को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। नेताजी के क्रांतिकारी विचारों एवं राष्ट्र निर्माण के आदर्शों पर परिचर्चा आयोजित हुई।



श्रीमती बंदना मिश्रा ने उद्बोधन में कहा कि नेताजी के विचार आज भी प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने ₹तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ का नारा देकर बलिदान एवं संगठित संघर्ष का संदेश दिया। उनका आदर्श था- एक समान, आत्मनिर्भर, समाजवादी एवं मजबूत भारत का निर्माण, जहाँ जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर मिलें। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात द्वारा सभी प्राध्यापकों, स्टॉफ एवं छात्राओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान की शपथ दिलवाई गई। यह शपथ लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। यह कार्यक्रम ज्ञान, संस्कृति, देशभक्ति एवं नागरिक जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण बना।

## जल संरक्षण एवं संवर्धन का दिलाया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जन अभियान परिषद, विकासखंड बहोरीबंद के सेक्टर क्रमांक-4 कौड़ियां के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत ग्राम कल्हैयाकला में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुझारी द्वारा आसमानी माता मंदिर परिसर में भजन-रामायण मंडली, जल संचय अभियान एवं समरसता भोज के माध्यम से ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आसमानी माता मंदिर में पूजन के साथ हुआ, जिसके पश्चात बजरंग रामायण मंडली द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। सबदारा नाला में समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 40 बोरी बंधान कर जल संरक्षण कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जुझारी की सरपंच माया रानी मंगल सिंह, ग्राम पंचायत पथराडी पिपरिया की सरपंच आशा मंगी लाल चौधरी, उपसरपंच आनंद लोधी, सचिव शिवलाल पटेल, नवांकुर संस्था से भूपेंद्र दाहिया, वरिष्ठ नागरिक दुलीचंद लोधी, कोदू सिंह, रामजी पटेल, राकेश कुमार चौधरी, सोनू विश्वकर्मा, सोमनाथ प्रधान सहित अन्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।ग्राम उत्सव के दौरान रामायण मंडली द्वारा धार्मिक भजन कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिससे ग्रामवासियों में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह द्वारा 12 जनवरी से 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत विकासखंड बहोरीबंद के विभिन्न सेक्टरों एवं ग्राम स्तर पर आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्सवों की जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास राय बहादुर समिति कौड़ियां द्वारा ग्राम के युवाओं एवं रामायण मंडली को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुझारी एवं ग्रामीणों के सहयोग से समरसता भोज का आयोजन किया गया।

**खबर संक्षेप**



## सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर हुआ हवन पूजन

**बड़वारा।** बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा में सरस्वती पूजन एवं हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की गरिमा मयी उपस्थिति रही। सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा में रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा समिति के पदाधिकारीश अनुराग गुप्ता, संयोजक अंशुल सोनी, ओंकार सिंह कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार दुबे भूतपूर्व सैनिक, मनोज गुप्ता सदस्य, नरेंद्र कुमार, विक्रम महोबिया एवं मातृशक्ति की उपस्थिति कार्यक्रम में रही। सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा के प्रधानाचार्य राजेश कुमार दुबे, रामलाल नामदेव, श्रीमती मनीषा दुबे ,राकेश निगम, सोनाली सोनी ,संध्या सोनी, प्रिया निगम, संदीप बर्मन,शीलू कोरी, डाली सेंगर एवं विद्यालय के सभी भैया बहन समस्त अभिभावक सम्मिलित हुए।

## गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे जिले के 3 अधिकारी

**कटनी।** सी.एम. हेल्पलाइन अंतर्गत वर्ष 2025-26 में आम जनता की शिकायतों का सर्वाधिक संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने पर कटनी जिले के तीन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन अधिकारियों का चयन शासन स्तर से किया गया है। जिनमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सब इंजीनियर श्रीमती मोना कारेरा, ऊर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता, बड़वारा स्वामी प्रसाद यादव और गृह विभाग के अंतर्गत निरीक्षक, कोतवाली राखी पाण्डेय का नाम शामिल है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक विश्वकर्मा ने संबंधित विभागों (पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त और उर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री) को पत्र लिखकर इन अधिकारियों से संबंधित जानकारी मांगी है। ताकि सम्मान देने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई विभागीय जांच तो प्रचलित नहीं है। अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में न्यूनतम 4 माह से पदस्थ हों और शिकायतों के परीक्षण में कोई प्रतिकूल तथ्य सामने न आया हो।

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष के निर्देश पर पेयजल टंकी की हुई सफाई

**कटनी।** जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बिचुआ में पिछले कई दिनों से नल-जल योजना बंद पड़ी हुई है। यहां के वाशिंदे लंबे समय से पीने के पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नल-जल योजना कई दिनों से पूरी तरह बंद पड़ी है, जिसके कारण ग्रामीणों को घरों में नल से पानी नहीं मिल पा रहा था। ग्रामवासियों ने इसकी जानकारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा को दी। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्राम पंचायत बिचुआ की जलाशय टंकी की सफाई करवाने के लिए निर्देशित किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष के निर्देश पर पानी की टंकी की तत्काल सफाई कराई गई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने योजना के रखरखाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य तुरंत शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा का आभार व्यक्त किया है। अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि जनता की छोटी से छोटी समस्या को प्राथमिकता देकर उसका समाधान करना हमारा दायित्व है। ग्रामीणों का दर्द समझना और उसे दूर करना ही सच्ची सेवा है।

### नगर निगम परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन, नवयुगलों को दिये उपहार

# 30 नवयुगल जोड़ों ने सामूहिक विवाह में लिये फेरे, 49 हजार की राशि के सौंपे चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 30 वर वधुओं ने सात फेरे लेकर नव दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की। सामूहिक विवाह आयोजन में वर और वधू पक्ष के रिश्तेदारों और नाते दारो की चहल-पहल सुबह से ही देखने को मिली। वर एवं वधू के परिवार जन उत्साह के साथ रंग बिरंगे परिधानों में विवाह स्थल में पहुंच रहे थे। सुबह से ही खुशनुमा माहौल था। घराती और बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। इस कार्यक्रम के आयोजन की संपूर्ण जिम्मेवारी निगम प्रशासन ने संभाल रखी थी। विवाह का कार्यक्रम गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया।



इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, उमेन्द्र अहिरवार, सुरेंद्र गुप्ता] पार्षद वंदना रजकिशोर यादव, सीमा श्रीवास्तव, रेखा संजय तिवारी, सुनीता कमलेश चौधरी, शशिकांत तिवारी, सुखदेव चौधरी, पूर्व निगमाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि, पूर्व पार्षद ऋचा गेलानी सहित समाजसेवी नंद कुमार बसरानी नंदू भैया, राजकुमार शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

### बेटियां अब बोझ नहीं, वरदान बनी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह धूमधाम से सम्पन्न होने पर गर्व महसूस होता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से अब बेटियां बोझ नहीं वरदान बनकर हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहीं है। प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। महापौर श्रीमती सूरी ने विवाह सूत्र में बंधने वाले नव दंपत्तियों को सफल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए सुख दुख में सहयोगी बनने की बात कही। निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक ने भी वर-वधुओं के सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी एवं महिला पार्षदों ने कन्या पक्ष के परिवार जनों के साथ बैठकर विभिन्न रस्मों में उत्साहपूर्वक सहभागिता भी निभाई।

### भोजन की भी रही व्यवस्था

इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रत्येक वधु को गृहस्थी का सामान खरीदने 49 हजार रुपए की राशि का चेक एवं विवाह प्रमाण पत्र का सांकेतिक रूप से वितरण किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं पार्षदों की ओर से नवयुगलों को उपहार एवं तुलसी का गमला भी भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान निगम प्रशासन द्वारा वर-वधू पक्ष के लोगों के लिए भोजन के पैकेट की व्यवस्था भी निगम प्रशासन द्वारा की गई थी। कार्यक्रम का सफल संचालन राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने किया। आयोजित सामूहिक विवाह में नगर निगम के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी, कर्मचारी एवं वर-वधुओं के रिश्तेदारों की काफी संख्या में उपस्थिति रही।

## रास्ता रोककर मारपीट करने वाले तीन आरोपितों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माधव नगर थाना की निवार चौकी अंतर्गत ग्राम टिकरिया में रास्ता रोककर वृद्ध के साथ मारपीट करते हुए उगाही करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। निवार चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ सतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा माधवनगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में निवार चौकी में 21 जनवरी को 60 वर्षीय पुन्नु गडारी पिता दीनदयाल गडारी निवासी ग्राम घुघरा थाना कुठला जो की वर्तमान में ग्राम टिकरिया चौकी निवार में निवासरत है उसने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि शाम करीबन 7.30 बजे राजू अग्रवाल के खेत से निकलकर वह अपने भाई गरि गडारी के घर खाना खाने जा रहा था, तभी सत्यम पटेल और शोहिल खान, भोला उर्फ शिवम पटेल, तीनो ने रास्ता रोककर मुझसे शराब पीने के लिये पैसा मांगने लगे। पैसा देने से मना किया तो गालिया देने लगे। गाली देने से मना किया तो डंडे एवं हाथ मुक्के से पीटा। इसी बीच जब उसका भाई गौर गडारी और भतीजा महेश गडारी बीच बचाव करने आये तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गए।

मारपीट एवं जबरन वसूली का शिकार हुए पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा-126(2), 296(बी), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

विवेचना के दौरान 22 जनवरी को तीनों आरोपियों 24 वर्षीय सत्यम उर्फ सत्या पटेल पिता अंजनी पटेल, 19 वर्षीय शिवम उर्फ भोला पटेल पिता शिवप्रसाद पटेल एवं 35 वर्षीय भानू प्रसाद गडारी पिता उजरधारी गडारी सभी निवासी टिकुरिया चौकी निवार थाना माधवनगर जिला कटनी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। तीनो आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। मामले में आरोपी सोहिल खान घटना दिनांक से फरार है जिसकी तलाश जारी है।

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत कृषि रथ पहुंचा ग्राम वसुधा

## प्राकृतिक एवं जैविक खेती की तकनीक से भी किसान कर सकते है अच्छी आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हथकुरी एवं वसुधा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन में "ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आर.के. मिश्रा रहे।

कृषि क्रांति रथ यात्रा की अगुवाई कर रहे मुकेश लोधी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।डॉ. मिश्रा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती से न केवल उत्पादन लागत कम होती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और मानव स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से बचने और प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की।कृषि क्रांति रथ यात्रा के प्रभारी मुकेश लोधी ने बताया कि प्राकृतिक खेती को सफल बनाने में पशुपालन की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि गोबर, गौमूत्र एवं जैविक घोलों के प्रयोग से खेती अधिक लाभकारी बन सकती है और किसानों की आमदनी में वृद्धि संभव है।इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव शिवलाल यादव द्वारा पंचायत में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई तथा पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया।



कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवांकुर संस्था संरचना समाज कल्याण समिति, सेक्टर रीठी अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी ने किसानों से दुग्ध उत्पादन को लेकर संवाद किया। उन्होंने गांव स्तर पर ही दूध संग्रहण एवं विपणन की व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे किसानों को उचित मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।इस दौरान अशोक कुमार विश्वकर्मा, प्राण सिंह, लाखन सिंह, रणदीप सिंह,कमलेश सिंह, ज्ञान सिंह,राधा विश्वकर्मा, दुर्गा विश्वकर्मा,अनीता बाई, चूटू बाई, सीमा सिंह,पल्लू साहू मौजूद रहे।

### एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने पुलिस लाइन ( रक्षित केंद्र) पहुंचकर विभागीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं और अधिक दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। एसपी ने रोजनामचा, स्टोर, शस्त्रागार, MT शाखा, ब्राउनिंग शाखा और डॉग कैनल का विस्तृत निरीक्षण किया। शस्त्रों के रखरखाव, स्वच्छता, रिकॉर्ड संधारण और वाहनों के मेंटेनेंस की बारीकी से जांच की गई। पुलिस कप्तान ने डॉग स्क्वाड की कार्यक्षमता जांचने के लिए उन्हें 'सर्चिंग टास्क' दिया, जिसे टीम ने सफलतापूर्वक पूरा कर अपनी दक्षता का परिचय दिया।बेहतर प्रबंधन के निर्देशनिरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत को निर्देशित किया कि वर्तमान व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से ब्राउनिंग विधि और शासकीय दस्तावेजों के सही संधारण पर जोर दिया।

## किसान हल्का पटवारी से बनवायें फार्मर आईडी, असुविधा व दिक्कत होने पर दें जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा एग्रीस्टैंक योजनांतर्गत भू-स्वामियों के लिए फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसान भाईयों से आग्रह किया है कि वे अपने हल्का पटवारी से संपर्क कर फार्मर आईडी बनवा लें। फार्मर आईडी बनवानें में किसी भी प्रकार की असुविधा या दिक्कत महसूस होने पर कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07622-220070 और 220071 पर संपर्क किया जा सकता है।

### फार्मर रजिस्ट्री के लाभ

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने किसानों की फार्मर आईडी होना अनिवार्य होगा। फार्मर रजिस्ट्री के अतर्गत प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी जनरेट कर प्रदान की जा रही है ताकि कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राहीमूलक योजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

फार्मर रजिस्ट्री से किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी, किसानों का डेटा बेस तैयार होगा और कृषि सबंधी नीतियों के क्रियान्वन में मदद मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री या फार्मर आईडी से किसानों को पीएम किसान एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी।

किसान घर बैठे अपने मोबाइल पर फार्मर सहायक एमपी एप डाउनलोड कर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। मोबाइल एप के अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियॉस्क या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क चुकाकर किसान फार्मर रजिस्ट्री की जा सकती है। कृषक अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र (सीएससी), पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय और पटवारी से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, भूमि अभिलेख, मोबाईल आदि) के साथ अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं।

कलेक्टर ने जिले के सभी कृषकों से शीघ्रातिशीघ्र अपनी फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवाने एवं अपनी भूमि का एग्रीस्टैक डाटा (फार्मर रजिस्ट्री) लिंक कराने की अपील की है।

### संवेदीकरण कार्यशाला में जिपं अध्यक्ष ने दिये अधिकारियों को निर्देश

## दिव्यांगों में आत्मविश्वास पैदा करना व छिपी हुई प्रतिभा को निखारना समन्वित प्रयासों से संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना, उनमें आत्मविश्वास जगा कर मनोबल बढ़ाना, छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना और तराशना, व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाकर आर्थिक सशक्तिकरण आदि आप और हम सभी के समन्वित प्रयासों से संभव होगा। ये बातें जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने दिव्यांगों के अधिकारों,समाजिक समावेशन तथा सामाजिक शिक्षा को सशक्त बनाए जाने हेतु साईट सेवर्स इंडिया द्वारा जिला पंचायत के सभागार में आयोजित एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहीं।




जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने आगे कहा कि दिव्यांग फ्रेंडली ग्राम पंचायत पर विशेष फोकस करते हुए विद्यालय, चिकित्सालय सहित अन्य शासकीय कार्यालयों और भवनों में दिव्यांग जनों हेतु सुविधाओं का विस्तार करने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के दौरान भी दिव्यांगों को किसी प्रकार की कठिनाई और परेशानी न हो इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग अनुराग मोदी ने दिव्यांगजनों के हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं ,कार्यक्रमों एवं दिव्यांगों के अधिकार अधिनियम 2016 के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया और आश्वस्त किया कि दिव्यांग जनों के अधिकारों हेतु व्यापक रूप से जागरूकता लाने प्रचार प्रसार किए जाएंगे एवं उन्हें पात्रता के अनुसार प्राथमिकता से लाभान्वित कराया जाएगा और जरूरी सुविधाएं दी जायेंगी। कार्यशाला में साइट सेवर्स द्वारा चलाए जा रहे हैं समावेशी अभियान एवं नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई एवं विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

इस दौरान डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी, आरसेटी, डाइट, एनआरएलएम की जिला प्रबंधक शबाना बेगम,मीडिया प्रभारी अधिकारी योगेंद्र कुमार असाटी, भरत पटेल (जिला प्रमुख साइट सेवर्स इंडिया) मनोज कहार, शिवशंकर, प्रवेश, संतोष ठाकुर, प्रदीप मिश्रा ,आरती रजक (साइट सेवर्स टीम) सामाजिक न्याय और अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### महाविद्यालय में सरस्वती पूजन एवं सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर हुआ कार्यक्रम

## सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा और साहस दोनों अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना के पर्व 'बसंत पंचमी' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'राष्ट्रीय पराक्रम दिवस' के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दोहरे उत्सव ने जहाँ एक ओर ज्ञान और कला के महत्व को रेखांकित किया, वहीं दूसरी ओर राष्ट्र के प्रति अदम्य साहस और देशभक्ति का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और 'सरस्वती वंदना' के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने विद्या और विवेक की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।



वक्ताओं ने उनके ₹तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ के नारे को याद करते हुए युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा आज का दिन हमारे लिए विशेष है क्योंकि हम एक साथ ज्ञान (बसंत पंचमी) और वीरता (पराक्रम दिवस) का उत्सव मना रहे हैं। एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा और साहस दोनों अनिवार्य हैं।हमारा उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को बढ़ावा देना है।साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के मार्गदर्शन /निर्देशन में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दिव्या यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश शासन ,उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत नई शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में शासन द्वारा जारी होने वाले भारतीय ज्ञान परंपरा त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार जनवरी माह में वसंत पंचमी एवं राष्ट्रीय पराक्रम(23 जनवरी 2026)के अवसर पर एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गाया गया। कार्यक्रम का विषय " वसंत पंचमी का महत्व और पराक्रम दिवस " था।

### नेताजी के जीवन पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान "वसंत पंचमी के महत्व "विषय पर सहायक प्राध्यापक डॉ दिव्या यादव द्वारा ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिया गया । पराक्रम दिवस का शुभ अवसर होने के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं शिक्षाओं पर चर्चा की गई। सुभाष चंद्र बोस ऐसे नायक थें ,जिनकी ऊर्जा एवं विचारों ने पूरे देश को जगा दिया। उनके विचार केवल राजनीति तक सीमित नहीं हैं बल्कि वे जीवन जीने के एक अनुशासित मार्ग को भी दर्शाते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने नेताजी के विचारों की महत्ता एवं प्रासंगिकता को समझा।वसंत ऋतु अपने आगमन के साथ जीवन में नवनिर्माण, खुशहाली और आशा का संदेश लेकर आती है। विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा में वसंत ऋतु की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती और वसंत पंचमी के शुभ दिन की महत्ता के विषय में बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान भौतिकी विभाग के डॉ सुजीत सिंह ने विद्यार्थियों को नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। साथ ही महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी एड्स जैसी संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के कारणों, बचाव एवं सामाजिक जागरूकता के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. माधुरी गर्ग एवं डॉ. रुक्मणि प्रताप सिंह सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए इस विषय पर उनके ज्ञानार्जन में वृद्धि की।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में वर्षा साहू (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, पूनम निषाद (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा प्रिया नामदेव ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. सुचि सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र मोहन श्रीवास्तव एवं आयुष तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्णायक मंडल द्वारा निष्पक्ष एवं सार्थक मूल्यांकन हेतु उनका विशेष आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन में शिक्षक अंशु चौधरी, राम सहोदर साकेत एवं शुभेन्दु मिश्रा, विशाखा तिवारी एवं डॉ. विजय कुमार का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया।

**खास बातें**

## बसंत पंचमी में हुआ भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार

**तेंदूखेड़ा।** नगर के पंचवटी सिद्ध धाम में बसंत पंचमी के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया गया। भोलेनाथ को पीले वस्त्र पहनाएं गए साथ ही पीले सरसों के फूल चढाए गए। शाम के समय भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस बडी संख्या में भक्तों की उपस्थिती रही। प्रज्ञा कटारे के द्वारा भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया जाता हैं।

## जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया

**दमोह।** जनगणना -2027 संबंधी गतिविधियों के संचालन एवं सतत पर्यवेक्षण के लिये कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। गठन समिति में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर संयोजक एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना, सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी सदस्य बनाये गये हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर जिला अंतर्गत सभी चार्ज अधिकारियों, तहसीलदार, नगर पालिकाओं इत्यादि को सभी कार्य समय-सीमा में अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड स्टाफ की नियुक्ति सहित प्रशिक्षण आयोजित कराना सुनिश्चित किया जायेगा। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर संपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक एवं समयावधि में संपादित करने के लिये जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठकें आयोजित कराना एवं आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना, सांख्यिकी अधिकारी जिला जनगणना अधिकारी को सौंपे गये दायित्वों, कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जिला, चार्ज स्तर पर जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली पोर्टल इत्यादि का सफल संचालन सुनिश्चित करना एवं डिजीटल प्रोद्योगिकी संबंधी सहयोग प्रदान करना, जिला, चार्ज स्तर पर नियुक्त तकनीकी सहायकों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना एवं निगरानी करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी जनगणना 2027 के दोनों चरणों के फील्ड कार्य के सफल संचालन के लिये आवश्यकतानुसार शिक्षकों को प्रगणक, पर्यवेक्षक के रूप में उपलब्ध करायेंगे तथा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण जिले के समस्त नगरीय निकायों के जनगणना संबंधी कार्य का समन्वय करेंगे। जिला जनसंपर्क अधिकारी जनगणना 2027 के दोनों चरणों के प्रचार-प्रसार में सहयोग, प्रिट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रचार-प्रसार एवं समिति की प्रतिमाह बैठकें आयोजित करायेंगे।

मध्यरात्रि में लिखी गई शिव–पार्वती विवाह की लग्न पत्रिका, हर-हर महादेव से गूंज उठा बुंदेलखंड

# बसंत पंचमी पर बांदकपुर धाम बना शिवलोक, श्रद्धा का महासागर उमड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह-बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बुंदेलखंड की आस्था का सिरमौर देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव, बांदकपुर धाम मानो साक्षात शिवलोक में परिवर्तित हो गया, दूर-दराज़ से आए हजारों श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पूरा धाम पीतवर्णी आभा, शंख-घंटियों की गूंज और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। प्रातःकाल मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई, मां नर्मदा अंचल से आए हजारों कांवड़ियों ने पवित्र नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। पीले वस्त्रों में सजे भक्त, धूप-दीप की सुगंध और वैदिक मंत्रोच्चार ने पूरे परिसर को अलौकिक बना दिया। मध्यरात्रि का दिव्य क्षणः लिखी गई शिव–पार्वती विवाह की लग्न पत्रिका बसंत पंचमी की मध्यरात्रि श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी, जब वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की पावन लग्न पत्रिका



विधि-विधान से लिखी गई, इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का दिव्य और भव्य श्रृंगार दर्शन हुआ। जिसने उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया।

बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक रामकृपाल पाठक ने बताया— "यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। बसंत पंचमी की रात्रि भगवान महादेव का विशेष श्रृंगार किया जाता है, इसके बाद महा रुद्राभिषेक और वैदिक अनुष्ठान संपन्न होते है। इसी के साथ महाशिवरात्रि पर होने वाले भव्य शिव–पार्वती विवाह महोत्सव की तैयारियां भी प्रारंभ हो जाती है।" 70 से 90 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बसंत पंचमी पर सुबह से देर संध्या आरती तक लगभग 70 से 80 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन किए, जबकि संध्याकालीन आरती तक यह संख्या 90 हजार से अधिक पहुंच गई। मध्यरात्रि में लग्न पत्रिका के अवसर पर लघु रुद्राभिषेक एवं दिव्य अनुष्ठान रात्रि 3 बजे तक चलता रहा।

### प्रशासनिक व्यवस्थाएं रहीं चाक-चौबंद

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश मेहता ने बताया कि देश-प्रदेश से आए श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन कराने के लिए मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। एसडीएम आर.एल. बागरी ने कहा कि पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुभाष सोलंकी प्रातः 3 बजे धाम पहुंचे, व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन किए। पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही थी।

वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एएसपी सुजीत सिंह, एसडीओपी प्रिया सिंधी, टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, टीआई रविंद्र बागरी, ब्रजेश पांडे, शिवनारायण यादव, बी.एस. हजारी, गोपाल सिंह, राजेंद्र मिश्रा, वंदना गौर सहित पुलिस बल व मेडिकल टीम मौजूद रही। राजस्व व्यवस्था में तहसीलदार प्रीतम सिंह, रघुनंदन चतुर्वेदी, आरआई अभिषेक जैन और पटवारी आशीष साहू सहित पूरा अमला तैनात रहा।

## सुनार के तट पर हुआ गंगा मंदिर निर्माण का भूमिपूजन



**हटा।** उपकाशी की पावन धरा पर बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नगर की जीवन दायिनी सरिता सुनार के नावघाट पर मां गंगा मैया के मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर विधायक उमादेवी खटीक नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे थाना प्रभारी सुधीर बेगी द्वारा मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हवन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए गंगेश्वर भोलेनाथ की आरती की गई इस उपरांत सरिता सुंदर गंगा मैया को दीपदान कर महाआरती की गई। इस अवसर पर व्यवस्थापक विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, बजरंग दल उपाध्यक्ष एवं माझी समाज के चौधरी नन्नू रैकवार, राकेश पप्पू बर्मन, कमल रैकवार ,राहुल रैकवार, जमुना रैकवार ,प्रमोद, बृजेश बर्मन, खरगराम रैकवार, भूरे रैकवार, राहुल बर्मन, दिन्नू रैकवार ,नीरज रैकवार ,मनीष, ढल्ले रैकवार, विष्णु मांझी, अशोक रैकवार,महिला मंडल में सुशीला रैकवार स्नेहा रैकवार गोलू यादव, द्वारका प्रसाद सहित विश्व हिंदू परिषद के अन्य लोगों के अलावा नगरवासियों की उपस्थिति रही।

## सरस्वती जयंती पर हुआ हवन पूजन



**हिंडोरिया।** नगर के एक स्थानीय विद्यालय में बसंत पंचमी उत्सव सरस्वती जयंती पर हवन पूजन किया गया। नवीन सत्र के लिए नए शिशुओं का हवन पूजन के साथ विद्या आरंभ संस्कार किया गया। अपने शिशुओं को अभिभावक अपने साथ विद्यालय ले कर पहुँचे । जहाँ उनका विद्या आरम्भ संस्कार कराकर कर नाम पंजीकृत किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्यजनों ने अपनी उपस्थिति के साथ ही हवन पूजन किया। पं.दयाशंकर जी के द्वारा सौ से अधिक नव निहालों का विधि-विधान से हवन व विद्या आरम्भ संस्कार कराया। इस मौके पर रघुनंदन नेमा, प्रदीप पोद्दार, किशोरीलाल चौरसिया, मोहनलाल नामदेव , हरिशंकर चौरसिया, दीपक जैन, पंकज साहू अभिभावकों में मुकेश चौरसिया, देवेंद्र सिंह, कथावाचक श्री भरतलाल द्विवेदी, प्राचार्य देवेंद्र खरे व विद्यालय के समस्त आचार्य व दीदियों ने हवन पूजन किया।

# जिपं सीईओ ने ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जबेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे द्वारा ग्राम पंचायत भवन एवं ग्राम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत भवन की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं ग्राम में चल रही गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय ग्राम पंचायत प्रांगण में विकसित की गई फूलों की वाटिका को देखकर सीईओ ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे ग्राम की सुंदरता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। इसके साथ ही पंचायत भवन के भीतर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित अभिलेख एवं अनुशासित वातावरण की भी उन्होंने प्रशंसा की। जिला सीईओ ने ग्राम पंचायत के सरपंच मनोज राय की कार्यशैली की खुले मंच से तारीफ करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ में जनसहभागिता के साथ किए जा रहे विकास कार्य अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्राम में शिक्षा व्यवस्था में पंचायत की सक्रिय सहभागिता, स्कूलों के प्रति जागरूकता एवं बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने भी जिला सीईओ के समक्ष अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के बाद ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और पंचायत के प्रयासों को एक नई ऊर्जा मिली।

## विशाल चुनरी यात्रा निकाली



**तारादेही/तेंदूखेड़ा।** नर्मदा प्राकट्योत्सव पर पवित्र नर्मदा स्नान और चुनरी चढ़ाने के लिए भक्तों की टोलियां निकलने लगी है जहां कल रविवार को प्रदेशभर में मां नर्मदा प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा। जहां शुक्रवार को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही ग्राम से मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के शुभ अवसर पर 251 मीटर की विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। जो तारादेही से रविवार को नर्मदा प्राकट्योत्सव पर बरमान पहुंचेगी और मां नर्मदा को अर्पित की जाएगी इस यात्रा में शामिल भक्त बरमान घाट तक हाथों में चुनरी लेकर पैदल चल रहे श्रद्धालु दो दिन पूर्व से पदयात्रा प्रारंभ कर दी है। बंता दे माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि विशेष महत्व है। इस शुभ अवसर पर नर्मदा प्राकट्योत्सव मनाया जाता है इस चुनरी यात्रा में समस्त विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल खण्ड के कार्यकताओं द्वारा इस चुनरी यात्रा को तारादेही के सांकला माता मंदिर से डीजे- बाजों की धुन में नर्मदे हर जीवन भर व हर हर नर्मदे जय माता के जयकारों के साथ पदयात्रा बरमान के लिए रवाना हुए जो कल रविवार को मां नर्मदा को 251 मीटर की विशाल चुनरी माता को अर्पण की जाएंगी।

## छात्रों की उपस्थिति बढाने कराई मुनादी

**हिण्डोरिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों की लगातार उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्राचार्य अनिल कुमार गर्ग एवं उनके अधीनस्थ कार्यरत शिक्षकों द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है । इनके द्वारा शाला मे सभी छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु अपने विद्यालय के



स्टाफ के साथ नगर परिषद हिंडोरिया के विभिन्न वार्डों मे जाकर मुनादी का कार्य किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक छात्र विद्यालय में उपस्थित होकर शाला मे चल रहीं विशेष कक्षाओं में शामिल हो एवं वार्षिक परीक्षा की ठीक से तैयारी कर सकें। श्री गर्ग ने बताया कि जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी के विशेष निर्देश के पालन में विद्यालय में विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित रूप से एवं अवकाश के दिनों में भी विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। ताकि विद्यालय का वार्षिक परीक्षा का परिणाम बेहतर आ सके। इस कार्य मे समस्त शालेय परिवार का सहयोग मिल रहा है।

## श्री शिव साईं मंदिर से राम गंगा यात्रा का हुआ शुभारंभ

**दमोह।** श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में राम गंगा यात्रा का शुभारंभ श्री शिव साईं मंदिर, बेलाताल से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस पावन यात्रा में 50 तीर्थयात्री विशेष बस द्वारा रवाना हुए। यात्रा का शुभारंभ मंदिर के पुजारी पं. श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में मंत्रोच्चार एवं मंगल कामनाओं के साथ किया गया। पहले दिन श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक जयघोष करते हुए यात्रा आरंभ की। यह यात्रा 21 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसके दौरान श्रद्धालु चित्रकूट में कामतानाथ परिक्रमा, मंदाकिनी स्नान सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात प्रयागराज में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर गंगा स्नान, लेटे हनुमान जी के दर्शन एवं सत्संग का आयोजन होगा। आगे के पड़ावों में मैहर में मां शारदा के दर्शन तथा बांदकपुर में देवाधिदेव महादेव श्री जागेश्वरनाथ जी के दर्शन एवं गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। यात्रा में यात्रियों के लिए ठहराव एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक अनुभूति से परिपूर्ण बताया और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## श्रीमद्भागवत कथा 25 जनवरी से

**दमोह।** बटियागढ़ स्थित श्री शिव मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 25 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित श्री संजय शास्त्री के मुखारबिंद से होगा। आयोजन की शुरुआत श्रीमद्भागवत कथा उपरांत विधिवत हवन-पूजन, भंडारा प्रसाद का आयोजन प्रस्तावित है। कथा श्रवण में पंडित शालिगराम, श्रीमती राधारानी सहित आयोजक पंडित महेश तिवारी एवं श्रीमती प्रभा तिवारी ने शामिल होने की अपील की है।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण पर हुई कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. चौधरी जी के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का विषय विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण था। इस कार्यशाला की नोडल अधिकारी एवं संयोजक डॉ.राधा ताम्रकार एवं सह-संयोजक डॉ. बृजेंद्र सिंह कुसमरिया रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय एवं समस्त वरिष्ठ प्राध्यापक एवं छात्राओं के अभिभावकों के द्वारा सरस्वती मां के पूजन के द्वारा किया गया। इसके पश्चात डॉ. राधा ताम्रकार ने कार्यक्रम का प्रयोजन सभी के समक्ष रखा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी ने आशीष वचन हम सभी को प्रदान किए तथा इन्होंने अपने आप को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाए रखने की बात कही। मुख्य वक्ता डॉ. अभिजीत किशोर त्रिपाठी ने मानसिक स्वास्थ्य क्या है, उसके कारण एवं प्रभावों पर प्रकाश डाला एवं मंच से सभी प्रतिभागियों की समस्याओं और संशय का समाधान किया। सुश्री मंजू मस्कोले ने मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता की आवश्यकता पर विचार रखे।सुश्री तहमीना मलिक ने बतलाया कि वृद्ध व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान परिवार जनों को रखना चाहिए।श्रीमती विधि गुप्ता ने उमंग से संबंधित जानकारी एवं टोल फ्री नंबर सभी छात्राओं को उपलब्ध कराये।

कार्यक्रम का संचालन डॉ अवधेश कुमार जैन एवं डॉ. आराधना श्रीवास,संक्षिप्त विवरण डॉ. राजू प्रसाद अहिरवार और आभार डॉ. दिनेश कुमार पटेल ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेखा जैन, डॉ. अरुणा एम.जैन, डॉ. डी.के. नेमा , डॉ. असलम खान, डॉ. प्रणव मिश्रा, डॉ. उमेश दीपांकर, डॉ. अमित श्रीवास्तव, श्री आकाश पांडे एवं समस्त स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिती रही।

## शताब्दी वर्ष में बसंत पंचमी पर्व पर युग ऋषि का आध्यात्मिक जन्म दिवस मनाया



**हटा।** गायत्री शक्तिपीठ में बसंत पंचमी पर दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। प्रथम दिवस सूर्योदय से सूर्यास्त तक गायत्री महामंत्र जप एवं द्वितीय दिवस प्रातः कालीन बेला में मां सरस्वती के अवतरण दिवस एवं युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आध्यात्मिक जन्म दिवस पर पीत वस्त्र धारी परिजनों ने पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से यज्ञ भगवान को आहुतियां दीं।कार्यक्रम में मुख्य यजमान जयप्रकाश नेमा तहसील समन्वयक ने सपत्नीक प्रखर प्रज्ञा, सजल श्रद्धा स्मारकों एवं मां सरस्वती का पूजन वंदन किया। यज्ञ आचार्य पंडित मदन गोपाल दुबे एवं शैलेंद्र नायक ने बसंत पंचमी पर्व पर युग ऋषि के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया।सूर्यकांत त्रिपाठी निराला कवि का आज जन्मदिवस मनाया जाता है।दो पारियों में परिजनों ने आहुतियां देकर अच्छाइयों को ग्रहण करने एवं बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गंगाराम पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष ने गुरुदेव के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में श्रीमती संध्या सिंह राजपूत, मुरारी अग्रवाल,डॉ महेश नेमा, जगदीश बरसैया,रमेश श्रीवास्तव, दिलीप खटीक, रामकिशोर दुबे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के परिजनों की उपस्थिति रही।

## ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सेमिनार संपन्न



**पथरिया।** समग्र शिक्षा अभियान एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय से सेमिनार का आयोजन शासकीय माधवराव सप्रे महाविद्यालय सभागार पथरिया में किया गया। सेमिनार का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में शिक्षक की भूमिका को सशक्त करना तथा शिक्षकों द्वारा किए गए शैक्षिक नवाचारों का प्रदर्शन करना रहा सेमिनार में श्रीकान्त उमरे, सुश्री पायश्विनी बैन पटेल, श्रीराम पटेल,यशोदा अहिरवार,जितेन्द्र पटेल,रचना ठाकुर, रेखा ठाकुर, कामिनी सेन,संगीता रजक, बैजन्ती ठाकुर वक्ताओं ने कक्षा शिक्षण को रोचक प्रभावी बनाने के लिए अपनाए गए नवाचारों की जानकारी दी और उन्हें विद्यालय स्तर पर लागू करने के लिए उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बीआरसी जिनेन्द्र कुमार जैन,एबीआरसी मुन्ना पटेल, परियोजना अधिकारी राजकुमार लड़िया, कुंजी लाल पाली एवं अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन की ओर से अभिषेक उपवंशी, सतीश भास्कर, पुष्पेंद्र उपस्थित हुए इस अवसर पर बीआरसी जैन ने भी अपने विचार रखे उन्होंने शिक्षा नवाचारों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने महत्वपूर्ण बताया ब्लॉक स्तरीय सेमिनार में ब्लॉक के 80 शिक्षकों ने भाग लिया सेमिनार के दौरान शिक्षकों के बीच विचार विमर्श हुआ।

## देवश्री गौरीशंकर मंदिर में दूल्हा बेशधारी महादेव का हुआ लग्नोत्सव कार्यक्रम



**हटा।** उपकाशी हटा में सरिता सुनार के किनारे श्मशान घाट के समीप विराजमान देवों के देव महादेव गौरीशंकर मंदिर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर लग्नोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें हजारों शिव भक्तों ने मंदिर पहुंचकर धर्म लाभ लिया। देवश्री गौरीशंकर मंदिर के पुजारी पंडित रामसुजान पाठक ने बताया कि श्रीश्री 1008 श्री गौरी शंकर मंदिर में 12 ज्योर्तिलिंग में दूल्हा वेशधारी अद्वितीय स्वयंभू भगवान गौरीशंकर मंदिर में विराजमान है जिनका बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में भगवान महादेव का महाभिषेक पूजन किया गया इसके उपरांत माता पार्वती की लगुन पत्रिका लिखी गई। वही संध्याकालीन भगवान भोलेनाथ गौरीशंकर का विशेष श्रृंगार कर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर पीतांबरा पीठ मंदिर के पुजारी जी द्वारा हजारों शिव भक्तों की उपस्थिति में लगुन पत्रिका पढ़ी गई। मंदिर के पुजारी पंडित रामसुजान पाठक ने बताया कि भगवान गौरीशंकर का विवाहोत्सव 26 फरवरी शिवरात्रि को संपन्न होगा। इसके उपरांत भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गई वही लग्नोत्सव कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित भक्तों को बतासे का प्रसाद वितरण किया गया।

**बैंड बाजों के साथ जमकर हुई आतिशबाजी, लगुन में बांटे गए बतेशा**

## श्री गायत्री शक्तिपीठ में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न




**तेन्दूखेड़ा।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ में बुधवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर एवं माता भगवती देवी और अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष समारोह पर समारोह के अवसर पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य एवं विशाल आयोजन तेंदूखड़ा शक्तिपीठ में किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर यज्ञ कार्य में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया इस अवसर पर दो बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया शक्तिपीठ के द्वारा उपस्थित समस्त श्रद्धालुओं का अभिनंदन स्वागत किया गया साथ ही अपना अमूल्य समय यज्ञ कर में देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया उपस्थित समस्त परिजनों को प्रसाद वितरित किया गया और सभी को इस पावन अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की गई। शाम कालीन बेला में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन भी किया गया। इस आयोजन में तेंदूखेड़ा में नव पदस्थ एसडीओपी श्रीमती श्रीमती अर्चना अहीर के सुपुत्र का विद्यारंभ संस्कार किया गया उनकी गरिमायी में उपस्थिति रही एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन संतोष कुमार जी नेम के नाती का भी विद्यारंभ संस्कार विधि विधान से किया कराया गया कराया गया इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन संरक्षक एवं वरिष्ठ समाज सेवी सम्माननीय डॉ.जे.पी. ने अपने उद्बोधन में शांतिकुंज में चल रहे शताब्दी समारोह के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की परम पूज्य गुरुदेव ने गुरुदेव ने अपने जीवन काल में साढे 300 पुस्तकों का समाज हित में कुरुक्षेत्र उन्मूलन के लिए समाज सुधार के लिए लेखन किया विचार क्रांति अभियान का संदेश देते हुए उन्होंने मनुष्य में देवत्व का उदय और पृथ्वी पर स्वर्ग के की बात विस्तार से बताते हुए गायत्री मिशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हम सुधरेंगे हम सुधरेंगे युग सुधरेगा हम बदलेंगे युग बदलेगा भविष्य में पंच कुंडी यज्ञ की श्रृंखला सतत जारी रहेगी यह संकल्प लिया गया।

धरने पर बैठे ग्रामीण जन

# प्रशासन ने गैसाबाद पुल से छोटे वाहन निकलने को भी किया प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद



प्रशासन द्वारा आज एक बार फिर गैसाबाद पुल को पूर्णता बंद किए जाने के विरोध में क्षेत्रवासी पुलिस थाना के सामने रोड पर ही धरने पर बैठ गए। गौरतलब है कि 29 जुलाई 2025 को जिला कलेक्टर द्वारा दमोह एवं पन्ना जिला की सीमा रेखा के मध्य में गैसाबाद व्यारमा नदी पर बने पुल को पुल क्षतिग्रस्त होने का तर्क देकर आनन फानन में बंद किया गया था। लगभग तीन माह तक पुल पूर्णता बंद रहा जिस पर किसी भी वाहनों को आने-जाने की अनुमति नहीं थी, परेशान क्षेत्र वासियों द्वारा शासन प्रशासन को ज्ञापन देकर यह मांग की गई थी कि पुल पर टू व्हीलर एवं छोटी फोर व्हीलर गाड़ियों को आने-जाने की अनुमति प्रदान की जाए। क्षेत्र वासियों की मांग पर प्रशासन द्वारा टू व्हीलर फोर व्हीलर गाड़ियों को आने जाने की अनुमति प्रदान की गई थी। लेकिन आज फिर अचानक ही पुल को एकाएक पूर्णता बंद कर आवागमन पर रोक लगाए जाने के विरोध में, ग्रामीण जन धरने पर बैठ गए जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया दर्शन सिंह राजपूत कमलेश जैन चंदू सेठ डॉ भानु पटेल निलेश जैन मुकेश पटेल त्रिलोक सिंह राजपूत मिथिलेश पटेल संजय जैन अखिलेश जैन कृपाल सेन सहित अन्य लोग शामिल हुए, धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार राजेश सोनी से ग्रामीणों ने पुल पर से छोटे वाहन टू व्हीलर फोर व्हीलर को निकलने की अनुमति शीघ्र दिए जाने की बात कही। इस दौरान भाजपा युवा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया की तहसीलदार राजेश सोनी से तीखी नोंक झोंक भी हुई दहिया ने कहा कि जब हमारे ग्राम गैसाबाद को कोई सहूलियत ही नहीं मिलना है तो हमारे ग्राम का नाम भारत के नक्शा से मिटा दीजिए। आम जनता को आने-जाने में परेशानी हो रही है और आप पुल को बंद कर रहे हैं, करीबन दो से तीन घंटे चले धरना प्रदर्शन का समापन हटा एसडीएम राकेश मरकाम द्वारा धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाइश देकर आपसी सहमति से सामंजस बनाए जाने की बात कह कर धरने को समाप्त कराया गया। इस दौरान एसडीएम राकेश मरकाम, हिनौता मंडल तहसीलदार राजेश सोनी ,नायब तहसीलदार शिवराम चडार, पुलिस एसडीओपी प्रशांत सुमन ,थाना प्रभारी प्रियंका पटेल, गैसावाद पटवारी विशाल लोधी, कोटवार श्रीराम दहिया सहित प्रशासनिक अमला की उपस्थिति रही। इस पूरे मामले पर जब हिनौता मंडल के नायब तहसीलदार राजेश सोनी से जानकारी लेना चाहिए तो उन्होंने बताया कि मुझसे बड़े अधिकारी वहां पर पहुंचे थे इस संबंध में वही बताएंगे मैं तो छोटा कर्मचारी हूं मैं कुछ नहीं बता पाऊंगा।

### इनका कहना है

गैसावाद पुल के और अधिक क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली थी इस कारण पुल पर वेरीकेट लगाकर बंद किया गया है ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो, धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को इस बात से अवगत कराया गया एवं समझाएं दी गई।

**राकेश मरकाम एसडीएम हटा**

# दमोह कुंडलपुर लिंक रेल लाईन को वित्तीय स्वीकृति दिलाने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** विश्व प्रसिद्ध जैन धर्म के पवित्र तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर जहां पर भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व से जैन धर्म के अनुयायी कुंडलपुर के बड़े बाबा भगवान आदिनाथ के दर्शन करने आते है लेकिन रेल सुविधा नहीं होने से अनेक परेशानियों का



सामना करना पड़ता है, जिसको लेकर आज जैन पंचायत दमोह और श्री दिगम्बर जैन धर्मार्थ औषधालय समिति के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। ज्ञात हो कि दमोह से कुंडलपुर के बीच नई रेल लाईन का सर्वे पूर्व में दो बार हो चुका हैं तथा 07/07/2007 को भारतीय रेलवे ने स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन राज्य शासन द्वारा वित्तीय स्वीकृति नहीं दिए जाने से उक्त कार्य लंबित है। इस संबंध में सुधीर सिंघई ने बताया कि दिगम्बर सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर के लिए सांसद महोदय के माध्यम से रेल मंत्री को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा जिससे यह रेल लाईन बन सकें। समाज सेवी रतन चंद जैन ने भी कहा कि इस रेल लाईन के लिए 17 वर्षों से प्रयासरत हैं और केंद्र की स्वीकृति भी प्राप्त हुई थी पर राज्य सरकार द्वारा वित्तीय स्वीकृति नहीं दी गई जिस कारण से यह लंबित हो गया। इस ज्ञापन देने वालों में जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, औषधालय अध्यक्ष मनोज जैन मीनू, रतन चंद जैन, आर के जैन, पदम चंद जैन,नेम कुमार सराफ,अजीत कांड्या, यू सी जैन, सोनू जैन की उपस्थिति रही।

# फर्जी वर्क ऑर्डर देकर युवाओं से ठगे लाखों

**दमोह।** शातिर लोग रोजगार दिलाने का झांसा रोजाना अनेक युवाओ को ठगी का शिकार बना रहे हैं। कुछ इसी प्रकार का मामला पुलिस अधीक्षक दमोह के संज्ञान में लाया गया है। सागर जिले के निवासी प्रतीक तिवारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर गुहार लगाई और बताया है कि वह और उसके साथी शिवम राव निवासी भाटिया को उसकी जान पहचान के विजेंद्र राठौर ने उनकी मुलाकात इंदौर निवासी रोहित पटेल और प्रदीम पटेल से कराइ थी। रोहित पटेल और प्रदीम ने खुद को ट्रिक्स एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड का सीईओ और डायरेक्टर बताया था। उनका कहना था कि उनकी सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों से अच्छी बातचीत है जिससे फार्म के नाम पर सरकारी वर्क ऑर्डर जारी करवा देते है। उनकी कंपनी देश भर में बड़े स्तर पर काम कर रही है। अस्सी लाख डिपॉजिट करने की बात कही आवेदक एवं शिवम राव व उसके अन्य साथियो ने पार्टनरशिप में पैसा जमा कर रोहित और प्रदीम पटेल को दे दिए थे। उसके बदले उसने गंगा ट्रेडर्स दमोह के नाम पर मंडला जिला का वर्क ऑर्डर दे दिया जब आवेदक मंडला काम लेने गया तो जिला प्रबंधक मंडला ने उक्त वर्क ऑर्डर को फर्जी बताया, और अब संबंधित कंपनी बंद कर आरोपों भाग गए है। उन पर करवाही हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अधिवक्ता मुकेश पांडे कहना है कि आजकल शातिर बदमाश भोले भाले युवाओ को प्रलोभन देकर अपना शिकार बना रहे है, वर्तमान में युवाओ को सज़ग रहने की जरूरत है जिससे फ्रॉड से बचा जा सके।



# परीक्षा हेतु धैर्य जरूरी- मलैया

**दमोह।** वार्षिक परीक्षा में सफलता हेतु कड़ी. मेहनत व परिश्रम जरूरी है। जीवन में धैर्य बहुत आवश्यक है उक्त आशय के विचार सिद्धार्थ मलैया ने व्यक्त किये। वे स्थानीय एम एल बी स्कूल दमोह में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद, श्रीमति अर्चना जैन ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन, कलम दवात पूजन एवं दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन एवं नृत्यकी प्रसुति दी। विशिष्ट अतिथि पारस जैन व डॉ एल.सी. जैन ने छात्रों को प्रेरणा प्रदान की। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ में आयोजन के प्रयोजन की भूरी-भूरी सराहना की और कहा कि छत्र जीवन से ही नागरिक और देश का निर्माण संभव है। आप भाने वाले कल का भविष्य है। ईश्वर ने सबकों अपना अपना टेलेंट दिया है। श्रीमति अर्चना जैन ने, छात्रावर्ग को अपने प्रेरक सबोधन से नवीन उत्साह व ऊर्जा का रूंचार किया और कहा कि प्रातःकाल जल्दी उठना और पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है। सभी विद्यार्थियों को, आज से मोबाइल से दूरी का संकल्प लेना है कार्यक्रम भूरी भूरी सराहना की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप जैन शिक्षक ने किया। राष्ट्रपति पुरुस्कृत प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने संस्था के शत प्रतिशत परिणाम लाने का वचन दिया और आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर श्रद्धा सुमन व्यक्त किये गए कार्यक्रम में एक हजार से अधिक विद्यार्थी,छात्राएं उपस्थित थी।

# जबेरा बाईपास के अंधे मोड पर हुई दो ट्रकों की भीषण भिड़ंत

## जेसीबी की मदद से निकल गया घायल चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर स्थित जबेरा बाईपास के अंधे मोड पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। शुक्रवार की दोपहर 2 बजे यहां पर दो ट्रक, नंबर RJ 11 GB 8855 एवं MP 19 HA 5051 के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जबलपुर की ओर से आ रहे ट्रक का चालक ट्रक में ही बुरी तरह से फस गया था। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के निर्देशन में जबेरा पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्राम वासियों एवं जेसीबी की मदद से ट्रक के हिस्सों को अलग कर चालक को सुरक्षित बाहर निकल गया। घायलों की पहचान नागेंद्र और बंटी के रूप में हुई है तत्काल ही जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारू करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस अंधे मोड़ पर एक माह के भीतर यह तीसरी बड़ी घटना घटित हुई है बार-बार हो रही इन भीषण घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश एवं दहशत है। लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तीन चार दिनों के भीतर यहां पर गति अवरोधक (ब्रेकर)एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो वह उग्र आंदोलन एवं अनशन करने के लिए मजबूर होंगे।

# पेट्रोल पंप पर रंगदारी दिखाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** ओम समृध्दि पेट्रोल पंप पुरेनयाऊ के मैनेजर से रंगदारी से शराब पीने के लिये पैसा मांगना पैसा न देने पर गालिया देकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को थाना जबेरा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 19.01.2026 को ओम समृध्दि फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पुरनयाऊ के मैनेजर राकेश जैन पिता भागचंद जैन उम्र 50 साल निवासी नेमी नगर कालोनी दमोह हाल ओम समृध्दि फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पुरनयाऊ ने थाना जबेरा में आरोपी निखलेश मिश्रा निवासी जबेरा, सौरभ झारिया निवासी डेलनखेडा के विरूध्द शराब पीने के लिये पैसा मांगने पैसा न देने पर मां बहिन की गालिया देकर चाटा से मारपीट करना एवं लोहे के पाईप से आफिस के कैबिन पर तोड फोड करने एवं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर आरोपियान उक्त के विरूध्द थाना जबेरा में अपराध क्रमांक 22/2026 धारा 296 (**a**), 115(2), 119(1), 324(4), 351(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना जबेरा से पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गयी जो प्रकरण के आरोपीयान निखलेश मिश्रा, सौरभ झारिया को जबलपुर जिला जबलपुर से दिनांक 22.01.26 व 23.01.2026 को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया।आरोपियो को जे.आर. पर माननीय न्यायालय में पेश किया गय। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. विकास सिंह चौहान,, सउनि अशोक कुमार सिंह, प्र. आर. सत्येन्द्र दुबे, प्र.आर. आनंद यादव, आर. विवेक कटारे, चालक आर. प्रमोद बेन सैनिक राहुल शर्मा दमोह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# एसबीआई द्वारा नवीन फर्नीचर एवं नवीन कक्ष का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/सिग्रामपुर

जबेरा विकासखंड की अंतर्गत शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत नवीन फर्नीचर एवं कक्ष के जीर्णोद्धार कार्यक्रम का शुक्रवार को लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, भारतीय स्टेट बैंक से रीजनल मैनेजर हरीश रघुवंशी, चीफ मैनेजर आशीष रावत,एलडीएम हेमंत कुमार,जबेरा ब्रांच से सौरभ राय, सरपंच मनोज राय,प्राचार्य रामकिंकर शर्मा की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शिक्षक राजेश जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संबंध में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे मैं बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा आकांक्षी जिले को प्राथमिकता दी गई थी जिसके तहत दमोह जिले की जबेरा जनपद के ग्राम पोंडी मानगढ़ में कोपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर एक्टिविटी के तहत 80 बेंच ब एक कक्ष का जीणोद्धार किया है। जिसका आज लोकार्पण छात्र-छात्राओं के द्वारा ही कराया। इसके उपरांत परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के मन में परीक्षा के भय को कम करना। जिसके लिए छात्र-छात्राओं के मन में आ रही प्रश्नों का समाधान भी किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, सहित बैंक स्टाफ के अधिकारियों द्वारा भी छात्र छात्रों को परीक्षा के लिए मनोबल बढ़ाया ब उत्साह वर्धन किया। बता दे छोटे से ग्राम पौड़ी मानगढ़ में जन्मे सौरभ राय जो कि भारतीय स्टेट बैंक की जबेरा ब्रांच में कार्यरत है इस कार्य में आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया एवं उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों का आभार प्रदर्शन भी किया।

# क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**पटेरा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य मे महिला बाल विकास द्वारा शासकीय कन्या शाला विद्यालय पटेरा मे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम सें विभिन्न विषयो पर जानकारी प्रदान की गई बाल विवाह के दुष्प्रभाव, एनीमिया, किशोरावस्था मे पोषण, मोटापा क़ो कम करने हेतु पोषण, कुपोषण सें रोकथाम, पोषण आहार जैसे मुनगा, गुड़, मूंगफली, हरी सब्जियों आदि क़ो शामिल करने की सलाह दी गई। क्विज प्रतियोगिता में किशोरियों को 4 समूह में बाटा गया एवं प्रतियोगिता के अंत में जीतने वाली 2 टीमों को पुरस्कृत किया गया। सभी किशोरियों को गुड चना दिया गया एवं इसके फायदे समझाए गए। परियोजना पटेरा आज शा.कन्या उ.मा. विद्यालय पटेरा में किशोरी बालिका दिवस ,बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की 100 दिवसीय कार्ययोजना अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने राशि ले कर भी नहीं की पेयजल व्यवस्था

## कलेक्टर का निरीक्षण व 15 तक का निर्देश हुआ झूठा,अधिकारियों के पत्रों का जवाब भी नहीं मिला

**पटेरा।** पटेरा जनपद पंचायत अंतर्गत विशेष आंगनबाड़ी केंद्र कुंवरपुर का निरीक्षण करने जब जिले के कलेक्टर सुधीर कोचर नव वर्ष पर 2 जनवरी को पहुंचे तो उन्हें पता लगा कि इस केंद्र में पेयजल व्यवस्था प्रारंभ ही नहीं हुई। इस संबंध में उन्होंने तत्काल प्रभारी परियोजना अधिकारी से वस्तु स्थिति जानी तो पता लगा कि ठेकेदार ने बताया है कि 28,26,000 की राशि से उन्हें तेईस लाख का भुगतान हुआ है शेष राशि ग्रामीण यांत्रिकी के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ने स्वयं विभाग से व्यवस्था करने की बात कही थी। ग्रामवासियों व अन्य के समक्ष फोन पर बात करने के बाद कलेक्टर श्री कोचर ने 15 जनवरी तक सबमर्सिबल पंप डलवा कर पेय जल व्यवस्था शुरू होने आश्वस्त किया था। इस पूर्ति हेतु महिला बल विकास के अधिकारी लगातार संपर्क कर पत्राचार करते रहे परन्तु विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने इस दिशा में न कोई जवाब दिया न कार्य कराया। बताया जाता है कि कार्यपालन यंत्री का प्रभार बदल जाने से उन्हें कोई जानकारी नहीं है। ग्रामवासी लगातार महिला बाल विकास कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर महोदय के आदेश के बाद भी पेयजल व्यवस्था न होने पर पूछताछ व आश्चर्य व्यक्त कर रहे है। पत्र प्रतिनिधि द्वारा जब परियोजना अधिकारी से जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से सभी निरंतर संपर्क कर रहे है व कलेक्टर महोदय को भी अवगत करा दिया है। जब कलेक्टर के आदेश का यह हाल है तो फिर अब किस पर भरोसा करें।

# माता सरस्वती मूर्ति स्थापना समारोह विधि विधान से संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा में मां सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना समारोह का वैदिक विधि विधान से आयोजित हुआ विद्यालय में मंदिर निर्माण दीपक ताम्रकार उपाध्यक्ष नगर परिषद पटेरा ने अपने माता-पिता की स्मृति निर्माण कराया एवं मंदिर में मूर्ति स्थापना डॉ सत्यम सिंह राजपूत ने कराई। कार्यक्रम की व्यवस्था विद्यालय की प्राचार्य वंदना भोज एवं उनके समस्त स्टाफ ने की। वैदिक मंत्रोपचार के साथ मूर्ति का महा अभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा विद्यालय के शिक्षक पंडित राम नारायण दुबे एवं पंडित लोकेंद्र प्यासी बर्रट वाले ने कराई। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि, क्षेत्रीय विधायक उमा देवी लालचंद खटीक बतौर प्रतिनिधि, विधानसभा संयोजक लक्ष्मण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि कृष्ण प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष



मल्लो बाई/बसोरी लाल आदिवासी, गनेश पटेल, दीपक उपाध्याय नरेंद्र बजाज हरिभूमि, मोहनलाल ताम्रकार, दिलीप पटेल, कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव आदि रहे। इस अवसर पर अन्य अतिथियों में पूर्व प्राचार्य जे एस अहिरवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल आठया, वीरेंद्र ताम्रकार, दिनेश गुप्ता, नवाब सिंह राजपूत, मुरारी प्यासी, विशाल सिंह राजपूत, भरत पटेल ,बलराम पटेल , शिवम राजपूत, गोविंद चौरसिया, गोविंद सिंह राजपूत, सुरेन्द्र कटहरे, जगदीश पटैल, मुलाम सिंह, गंगाराम पटेल, कैलाश पटेल, माधव पटेल, पं मुरारी प्यासी आदि गणमान्य नागरिक ने धर्म लाभ लिया। अतिथि ने लालचंद खटीक ने क्षेत्र के विकास कार्य गिनाए तो वहीं अन्य वक्ताओं ने सारगर्भित व महाविद्यालय शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राजाबंदी प्राचार्य मुकेश गुजरे रूपरेखा संस्था के शिक्षक लक्ष्मण विश्वकर्मा,निशु नागोत्रा,राज ताम्रकार ने तैयार की। विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियो का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों गणमान्य नागरिकों का आभार संस्था प्रधान वंदना भोज ने किया । कन्या भोजन विद्यालय की शिक्षक निशु नागोत्रा द्वारा कराया गया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में सभी आमंत्रित अतिथियों व सहयोगी संस्था का आभार डॉ सत्यम सिंह ने माना व अपने सहयोगियों का नाम लेकर उनका विशेष आभार माना। सस्ता प्राचार्य वंदना भोज ने सभी का आभार माना।

# संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



नगर परिषद पटेरा द्वारा पुरानी अस्पताल मंगल भवन परिसर में संकल्प से समाधान शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के केरल, तिरुवनंतपुरम से पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे व्यवसायियों को स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया गया। हितग्राहियों को 15,000 हजार 25,000 हजार एवं 50 रूपये तक के ऋण का प्रतिकात्मक लाभ वितरण किया गया। यह योजना सिर्फ ऋण नहीं, बल्कि मेहनतकश परिवारों के भविष्य को मज़बूत करने का माध्यम है। सरकार की हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुँचे, यही संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य है। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद पटेरा अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, पार्षद कन्नू बंसल, नगर परिषद के सीएमओ प्रेम सिंह चौहान एवं सुनील पांडेय, कमलेश नामदेव , कम्मू अहिरवाल, नीतेश चौरसिया, मनोज ताम्रकार, लकी असाटी ,विकास चौबे, सलमान खान , धीरज कोरी, थानसींग लोधी, अभिषेक पटेल, अमित दुबे,पवन रैकवार , एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।